पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

राजभवन में 'मन की बात और आजादी का अमृत महोत्सव' पर आयोजित प्रदर्शनी को विभिन्न स्कूलों के बच्चों एवं प्रबुद्धजनों ने देखा

राजभवन में गुजरात एवं महाराष्ट्र दिवस पर बच्चों ने गुजराती एवं मराठी व्यंजन का आनंद लिया

प्रदर्शनी आमजन के लिए 2 मई, 2023 तक खुली रहेगी

लखनऊ : 1 मई, 2023

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 100वीं कड़ी के प्रसारण के अवसर पर केन्द्रीय संचार ब्यूरो द्वारा राजभवन के अन्नपूर्णा हाल में लगायी गई 'मन की बात और आजादी का अमृत महोत्सव' विषयक तीन दिवसीय प्रदर्शनी को आज विभिन्न स्कूलों के 150 से अधिक बच्चों तथा 100 से अधिक प्रबुद्धजनों ने देखा तथा प्रदर्शनी के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

इस अवसर पर भ्रमण पर आये हुए बच्चों ने राजभवन में संग्रहालय, जनकक्ष, गांधी सभागार, हेलीपैड, गौशाला, चिडियाघर, कमलताल, बारादरी, धन्वंतरि वाटिका, पंचतंत्र तथा पुस्तकालय आदि को देखा तथा विभिन्न संग्रहित कला-कृतियों व स्थलों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही राजभवन भ्रमण पर आये हुए बच्चों ने गुजरात एवं महाराष्ट्र राज्य की स्थापना दिवस के अवसर पर गुजराती एवं मराठी व्यंजनों का आनंद लिया तथा उसके बनाने की विधि की जानकारी भी प्राप्त की।

ज्ञातव्य है कि इस प्रदर्शनी का उद्घाटन राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा प्रधानमंत्री जी के 'मन की बात' के 100वें अंक के अवसर पर किया गया था। राजभवन में लगी यह प्रदर्शनी आमजन के लिए 2 मई, 2023 तक खुली रहेगी, आगन्तुक अपने पहचान पत्र दिखाकर राजभवन के गेट नं0 2 से प्रवेश कर सकेंगे।

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन
चन्द्र विजय वर्मा-सूचना अधिकारी
9453005360

गुजरात स्थापना दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती आनंदीबेन पटेल
माननीय राज्यपाल, उत्तर प्रदेश
GovernorofUP GovernorofUp upgovernor.gov.in

महाराष्ट्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती आनंदीबेन पटेल माननीय राज्यपाल, उत्तर प्रदेश
GovernorofUP GovernorofUp upgovernor.gov.in